भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न सं. 986
सोमवार, **29** जुलाई, **2024**/7 श्रावण, **1946** (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

थीम आधारित पर्यटन सर्किट

986. श्री सतपाल ब्रह्मचारी:
क्या पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) स्वदेश दर्शन योजना के अंतर्गत समेकित विकास हेतु हरियाणा विशेषकर सोनीपत संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में चिह्नित किए गए थीम आधारित पर्यटन सर्किटों की संख्या कितनी है और उनका ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार उक्त योजना के अंतर्गत राज्यों को वित्तीय सहायता प्रदान करती है; और

(ग) यदि हां, तो सरकार द्वारा हरियाणा में पर्यटन सर्किटों के समेकित विकास के लिए कितनी वित्तीय सहायता प्रदान की गई है तथा उक्त सर्किटों का जिला-वार ब्यौरा क्या है**?**

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)

(क) से (ग): पर्यटन मंत्रालय 'स्वदेश दर्शन (एसडी)' नामक अपनी केंद्रीय क्षेत्र की योजना के माध्यम से राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों को उनके परामर्श से वित्तीय सहायता प्रदान कर पर्यटन अवसंरचना विकास के प्रयासों को संपूरित करता है । पर्यटन मंत्रालय ने देश में थीमेटिक परिपथों के विकास के उद्देश्य से 5287.90 करोड़ रु. की लागत से हरियाणा में 01 परियोजना सहित 76 परियोजनाओं को स्वीकृति प्रदान की है जिनका विवरण नीचे दिया गया है:

(करोड़ रु. में)

राज्य/संघ राज्यक्षेत्र	परिपथ/ स्वीकृति वर्ष	परियोजना का नाम	स्वीकृत राशि
हरियाणा	कृष्ण परिपथ 2016-17	कुरुक्षेत्र में महाभारत से संबंधित स्थानों पर पर्यटन अवसंरचना का विकास	77.39

पर्यटन मंत्रालय ने हाल ही में स्थायी और जिम्मेदार पर्यटन स्थलों के विकास के विज़न के साथ उक्त योजना को स्वदेश दर्शन 2.0 (एसडी 2.0) का नया रूप दिया है और इस योजना के तहत हरियाणा में पंचकुला (मोरनी) सहित देश में 57 गंतव्यों को विकास के लिए चिह्नित किया है ।

*****